# कपास पर 55 पैसे लगेगा मंडी शुल्क

## मंत्रालय में नोडल विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने दिए निर्देश

- मंडी शुल्क के मामले में महाराष्ट्र के बराबर आया मप्र
- तीन घंटे से अधिक चली मैराथन बैठक



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 मई. राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 45 विषयों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय में आला अफसरों की मेराथन बैठक ली. ये बैठक 3 घंटे से भी अधिक चली. इस दौरान तय किए गए विषयों को लेकर सीएम ने समय-सीमा तय की. समीक्षा बैठक में ही मुख्यमंत्री ने खंडवा और बुरहानपुर की मंडियों में कपास उत्पादक किसानों से लिया जा रहा मंडी शुल्क एक रुपए से घटाकर 55 पैसे करने के निर्देश दिए. इस निर्देश के बाद अब महाराष्ट्र और मप्र दोनों ही राज्यों में मंडी शुल्क बराबर हो गया है.**

बैठक में सीएम ने सबसे पहले राजस्व विभाग से जुड़े प्राथमिकता के कामों की पड़ताल की. इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी की नि:शुल्क रजिस्ट्री के कार्य तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री कराई जाए. ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को जमीन के नि:शुल्क पट्टे वितरित किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाए. ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि घोषित करने की प्रक्रिया को सरल बनाना आवश्यक है. कलेक्टर समय सीमा निर्धारित करते हुए पूरी संवेदनाशीलता और सक्रियता से कार्य करें. इससे ग्रामीण क्षेत्र से शहरों में हो रहे पलायन को कम करने में भी मदद मिलेगी. इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बैठक में बताया गया कि नर्मदा समग्र मिशन की स्थापना के संबंध में नोडल विभाग/स्पेशल सेल के गठन की प्रक्रिया जारी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों को जागरूक कर नर्मदा समग्र अभियान से जोड़ा जाए. अमरकंटक स्थित नर्मदा उद्गम स्थल सहित सभी प्रमुख नदियों के उद्गम स्थलों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। यहां प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे और सीमेंट क्रांकीट के पक्के निर्माण कम हो, इसके लिए उद्गम स्थलों से दूर सुव्यवस्थित सैटेलाइट टाउनशिप विकसित की जाएं. सीएम ने नर्मदा समग्र मिशन से जुड़े सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को माह के पहले सोमवार को बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रीष्मकाल में नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गर्मी के मौसम में सभी को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर समीक्षा की जाए. उन्होंने कहा कि अपने ग्राम और वार्ड की बेहतरी के लिए कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को जन्मभूमि से कर्मभूमि तक का अभियान चलाये और उन्हें जल संरक्षण गतिविधियों से जोड़ा जाए.

### अब मंडी बोर्ड की सभी बैठकें ऑनलाइन होंगी

भोपाल, 15 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आहवान पर मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड यानी मंडी बोर्ड भोपाल में आयोजित होने वाली समस्त बैठकें अब ऑनलाइन मोड में होंगी. प्रबंध संचालक श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश जारी किए हैं कि फिजिकली होने वाली सभी बैठकों को स्थगित कर दिया जाए. दूरस्थ अंचलों से भोपाल आने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा जाएगा. इससे समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित होगी.मंडी बोर्ड में विभागीय जांच, शिकायत प्रकरण और अन्य मामलों में होने वाली पेशियों के लिए भी अधिकारियों-कर्मचारियों को भोपाल बुलाना बंद कर दिया गया है. अब ये कार्रवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन संपादित की जाएगी. प्रबंध संचालक ने सभी आंचलिक अधिकारियों से अपील की है कि वे अपने अंचल में होने वाली सचिव मासिक बैठक और अन्य बैठकों को भी ऑनलाइन मोड में आयोजित करें. इसी तरह अधिकारियों के दौरों के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि केवल अति आवश्यक परिस्थितियों में ही दौरे किए जाएं.



# अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

- कांग्रेस ने बिजली कार्यालय का घेराव कर दी आंदोलन की चेतावनी

**नीमच। जिले में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने बिजली कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।**

शुक्रवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी अधीक्षण यंत्री जयपाल सिंह ठाकुर के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधीक्षण यंत्री का घेराव कर बिजली कटौती को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर नीमच शहर और ग्रामीण इलाकों में रोजाना 4 से 5 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी आम जनता के फोन तक रिसीव नहीं करते, जो उनकी लापरवाही दर्शाता है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो पार्टी सड़क पर उतरकर बड़ा जनआंदोलन करेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय तो नेताओं को जनता की याद आती है, लेकिन आज जब लोग परेशान हैं, तो किसी को उनकी तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है।

**बार-बार जल रहे ट्रांसफार्मर**-अन्य कांग्रेस नेताओं ने शहर में बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं पर सवाल उठाते हुए केबल की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि मेंटेनेंस का काम आवश्यक है, तो इसे दोपहर के बजाय सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच किया जाए, ताकि आम लोगों और व्यापारियों को कम परेशानी हो।

### समस्याओं का जल्दी निराकरण करेंगे

अधीक्षण यंत्री जयपाल सिंह ठाकुर ने कंपनी का पक्ष रखते हुए बताया कि शहर में चल रहे आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के कारण यह अस्थायी समस्या आ रही है, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अत्यधिक गर्मी के कारण लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर प्रभावित हो रहे हैं और आंधी-तूफान से पेड़ों के झुकने के कारण भी बिजली आपूर्ति बाधित होती है। उन्होंने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताई गई समस्याओं पर जल्द सुधार का आश्वासन दिया।

### एक नजर में

#### ग्वालियर में आज होगा 3.64 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

ग्वालियर. शहर के उपनगर क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज शुक्रवार को 3 करोड़ 64 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे. इन विकास परियोजनाओं में सड़क, नाली, सीसी रोड, पार्क, सामुदायिक भवन और बाउंड्री वॉल का निर्माण शामिल है. संबंधित क्षेत्रों में कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक-4 स्थित 24 बीघा कॉलोनी में आंगनबाड़ी के पास 23.66 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पार्क का भूमिपूजन करेंगे. इसके बाद सुबह 9:45 बजे गुरुनानक नगर में मुख्य मार्ग पर 15 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण परियोजना का शुभारंभ किया जाएगा.

#### चलती गाड़ी से कूदने पर होमगार्ड जवान की मौत

ग्वालियर, 15 मई. जिले से रायफलों की रीब्राउनिंग के लिए ग्वालियर आ रहे एक होमगार्ड जवान की चलती वाहन से कूदने के बाद मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार शिवपुरी जिले के रन्नौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी 25 वर्षीय धर्मेन्द्र आदिवासी होमगार्ड कार्यालय शिवपुरी में पदस्थ था. वह दो दिन पहले सरकारी वाहन टाटा 407 से अन्य जवानों के साथ 13वीं बटालियन ग्वालियर रायफल जमा करने आ रहा था. वाहन में प्लाटून कमांडर राघवेन्द्र हांकरे सहित अन्य जवान भी सवार थे. बताया गया है कि मोहना क्षेत्र पार करने के बाद धर्मेन्द्र के मोबाइल पर घर से फोन आया था और वह काफी देर तक बातचीत करता रहा.

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाली महिला गिरफ्तार

**सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मांगे थे 5 लाख रुपये**

**सिंगरौली, 15 मई. जिले के बैढ़न थाना क्षेत्र में अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार थाना बैढ़न में दर्ज अपराध में कार्रवाई की है. पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने मीडिया कर्मियों को उक्त जानकारी से अवगत कराया है. इस दौरान एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा, टीआई अशोक सिंह परिहार, अर्चना द्विवेदी मौजूद रहे.**

एसपी ने बताया कि बैढ़न निवासी एक डॉक्टर आलोक (परिवर्तित नाम) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोहल्ले में रहने वाली 24 वर्षीय महिला से इलाज के दौरान पहचान हुई थी. बाद में दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी. आरोप है कि 8 मई को महिला ने अपने एक साथी के साथ मिलकर वीडियो कॉल के दौरान अश्लील एवं आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपये की मांग करने लगी. रुपये नहीं देने पर आरोपी द्वारा वीडियो डॉक्टर की पत्नी एवं सोशल मीडिया पर भेजने की धमकी दी गई. शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके मोबाइल फोन को जप्त कर लिया है. मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश और आगे की जांच कर रही है.

# मोहासा औद्योगिक क्षेत्र से लापता मजदूर का शव मिला

**माखननगर.** नर्मदापुरम के मोहासा औद्योगिक क्षेत्र से लापता 19 वर्षीय मजदूर का शव शुक्रवार शाम मिट्टी के ढेर में दबा मिला. युवक गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे से लापता था. जानकारी के अनुसार अतुल यादव दावत कंपनी के कंस्ट्रक्शन एरिया में ट्रकों से आने वाली मिट्टी खाली करवाने का काम करता था. काम खत्म होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और आशंका जताई कि वह निर्माण स्थल की मिट्टी में दब गया हो सकता है. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची. माखननगर तहसीलदार महेंद्र चौहान के निर्देश पर जेसीबी मशीनों की सहायता से दोपहर से कंस्ट्रक्शन साइट पर मिट्टी हटाने और पलटने का काम शुरू किया गया.

# युवाओं के भविष्य निर्माण में सहायक बनेगा प्रशिक्षण

## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने 45 दिवसीय प्रशिक्षण का किया शुभारंभ




**भोपाल, 15 मई. उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा वृद्धि और क्षमता संवर्धन में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बारीकियां और अनुशासन युवाओं के बेहतर भविष्य निर्माण में सहायक साबित होंगे. वे रीवा के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा आयोजित 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे.**

यह प्रशिक्षण आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक-युवतियों को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड, निजी सुरक्षा एजेंसियों और अन्य सुरक्षा सेवाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में 200 युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और हर व्यक्ति को लगातार सीखते रहना चाहिए. उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को रचनात्मक दिशा देने के साथ आत्मविश्वास और अनुशासन भी प्रदान करते हैं. उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच देता है, जहां से खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं. शासन द्वारा आयोजित इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के भविष्य निर्माण में मददगार साबित होंगे. कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई. उप मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को पूरी लगन और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं.

# सिलावट ने सभी अतिरिक्त वाहन हटाए

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र प्रथम भावना और ईंधन बचत के संदेश को आत्मसात करते हुए ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने अपने काफिले के सभी अतिरिक्त वाहन हटाकर केवल एक ही वाहन से भ्रमण करने का निर्णय लिया है। समर्थकों ने उनके इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय सादगी और जिम्मेदारी का प्रतीक है, साथ ही औरों के लिए प्रेरणा है।





## अब साइकिल से चलने लगे भाजपा के जिलाध्यक्ष राजौरिया

**ग्वालियर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रहित में लिए आव्हान को मूर्त रूप देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर द्वारा जिले के अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया के नेतृत्व में लिए राष्ट्र हित के लिए संकल्प के तहत जिलाध्यक्ष राजौरिया अब स्वयं साईकिल से चलने लगे हैं. वे एक कार्यक्रम में साईकिल से ही पहुंचे. भाजपा के जिलाध्यक्ष राजोरिया ने कहा कि आज समूचा विश्व संकट कि घड़ी से जूझ रहा है और ऐसे दौर मे हमारे भारतवर्ष पर कोई आर्थिक संकट ना आए इस हेतु जो मोदी ने हमसे सात सूत्रों को लेकर आव्हान किया है वह सिर्फ सूत्र नहीं हमारे भविष्य का आधार है. इन सूत्रों के माध्यम से हम अपने आने वाली पीढ़ी को कई संकटों से निजात दिला सकते हैं. वैश्विक संकट के इस काल में जहां हमें पेट्रोल, डीजल,सोना और ऐसा खाद्य तेल जिसे खरीदने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल करना पड़ता है.

# महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया

**श्योपुर, 15 मई.** जिला अस्पताल में एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है. इनमें दो बेटे और दो बेटियां शामिल हैं. वीरपुर तहसील के भैरूपुरा निवासी पूजा सुमन ने इन बच्चों को जन्म दिया.

जन्म के बाद सभी नवजातों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में अभर्ती कराया गया है. डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने लगभग एक घंटे के भीतर चारों बच्चों का सुरक्षित प्रसव कराया. चारों नवजातों का वजन सामान्य से कम है. शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार, प्रत्येक बच्चे का वजन लगभग एक किलोग्राम है. कम वजन और समय से पहले जन्म के कारण बच्चों की स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है. उन्हें लगातार डॉक्टरों की टीम की निगरानी में रखा गया है.

# पथरिया में संदिग्ध परिस्थितियों में दो मासूम बच्चों की मौत

**दमोह, 15 मई . जिले के पथरिया थाना अंतर्गत जिला चौकी क्षेत्र में जहरीला पदार्थ के सेवन या दुर्गंध के कारण दो बच्चों की मौत का मामला सामने आया है.घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दामोदर लोधी की 10 वर्षीय पुत्री भावना और डोमन लोधी का 6 वर्षीय पुत्र समीर लोधी रात में सोए थे.परिजन दोनों बच्चों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया ले गए, जहां से उन्हें दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया. जिला अस्पताल में ड्यूटीरत डॉक्टर बहादुर सिंह ने चेकअप और ईसीजी के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही जेरठ चौकी प्रभारी गोपाल सिंह, भानु सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा. पुलिस मामले की जांच कर रही है.



**चेकअप और ईसीजी के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया**

**पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया**

# हाइवे पर लूट करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**रीवा, 15 मई,** रीवा मनगवां हाईवे पर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का मंनगवा पुलिस ने पर्दाफाश किया है. वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से तकरीबन 3 तीन लाख रुपए का मसरूका जप्त किया गया है. पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुला से हुए हैं. कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए मनगवां थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि फरियादि पुष्पेंद्र पटेल ने दिनांक 5 मई को थाना मनगवा में सूचना दी कि अपने दोस्त के साथ दिनांक 4 मई को ग्राम पिपरा थाना नईगढ़ी में तिलक का कार्यक्रम में वीडियो रिकार्डिंग करने गया था. जहा से रात्रि करीबन 1.30 बजे घर वापस आते समय ग्राम अधीहा पुल के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनकी मोटर साइकिल और एक मोबाइल वा दो कैमारे छीन लिए गए थे.

**नोटिस जारी** — हर वर्ष 3 प्रतिशत से अधिकतम 15 प्रतिशत और कार्य करने के लिए आयु सीमा में अधिकतम 55 वर्ष की छूट

# आयुष चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती पर रोक

**जबलपुर, 15 मई. मप्र हाईकोर्ट ने आयुष चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती में संविदा अधिकारियों को पचास फीसदी आरक्षण का लाभ न दिये जाने मामले को गंभीरता से लिया. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में अपने अंतरिम आदेश से भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है. इसके साथ ही आयुष विभाग के प्रमुख सचिव, मप्र लोक सेवा आयोग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है.**



दरअसल यह मामले जबलपुर निवासी डॉ. सौरभ चौरसिया, सीहोर निवासी डॉ. अजय अवस्थी सहित 78 संविदा आयुष अधिकारियों की ओर से दायर किये गये है. जिसमें उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की गई है. आवेदकों की ओर से कहा गया कि 11 मार्च 2025 की अधिसूचना के तहत पांच वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करने वाले सभी संविदा आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा अधिकारियों को नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा. याचिकाकर्ताओं को केवल इस आधार पर वंचित किया जा रहा है कि वे समकक्ष पद पर नहीं हैं. आवेदकों की ओर से कहा गया कि कई याचिकाकर्ता 10 वर्ष से भी अधिक समय से संविदा पर कार्यरत हैं. नियम में यह प्रावधान भी है कि प्रत्येक संविदा अधिकारी को हर वर्ष के 3 प्रतिशत (अधिकतम 15 प्रतिशत) और कार्य करने के वर्ष की आयु सीमा (अधिकतम 55 वर्ष) की छूट दी जाएगी. याचिकाकर्ता उक्त सभी पात्रता पूरी करते हैं, इसके बावजूद उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा रहा है.

सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है. याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने पक्ष रखा.

### नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन पर रोक

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक अहम आदेश से नर्मदा नदी के अवैध रेत उत्खनन और अवैध मछली पकडने पर रोक लगा दी है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में मछुआरा कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग, कलेक्टर, एसपी ईओडब्ल्यू, जिला माइनिंग अधिकारी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है. यह जनहित का मामला जबलपुर निवासी अभिषेक कुमार सिंह की ओर से दायर किया गया है. जिसमें नर्मदा और खिरहनी घाट में अवैध रेत खनन और माहसीर मछली पकडने को चुनौती दी गई है.


**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती निर्मला गुप्ता श्री सुनील गुप्ता माँ फलोदी मसाला भंडार (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल11019466) | प्लॉट संख्या 488 का दक्षिणी भाग, सिद्धार्थ नगर, ग्राम नैनोद, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत, 452001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र 308.00 वर्ग फुट | रुपये 1052220/- (रु. दस लाख बावन हजार दो सौ बीस मात्र) | 09-01-2026 | 13-05-2026 |
| श्री अजय, श्री सुरेश श्रीमती मंगला बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. 938048) | समृद्धि का वह भाग, फ्लैट संख्या 113, ब्लॉक ए-05, काउंटीवॉक, बसेरा ईडब्ल्यूएस गांव, झालारिया एबी बाईपास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452016, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: बिक्री योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति का क्षेत्रफल: 314.00, 230.00 | रुपये 595158/- (रु. पांच लाख पिंच्यानवे हजार एक सौ अट्ठावन मात्र) | 10-02-2026 | 13-05-2026 |
| श्री शिव सुमन, श्रीमती सुनैना सुमन, कार्तिक एंटरप्राइजेज (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10544409) | प्लॉट नं. 96, हाईवे पैरामाउंट, ग्राम मुंडला हुसैन, तहसील सांवेर, इंदौर एमपी453551 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, विक्रय योग्य_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 849.00, 849.00 | रु. 850559/- (रु. आठ लाख पचास हजार पांच सौ उनसठ मात्र) | 10-02-2026 | 13-05-2026 |
| श्री जीतू, श्रीमती किरण चौहान किरण दोना पत्तल (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10850863) | वह संपत्ति, प्लॉट संख्या 15, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट निकुंज धाम कॉलोनी, ग्राम-बड़गांव बरवानी, मध्य प्रदेश 451447 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 600.00, 600.00 | रुपये 1323411/- (रु. तेरह लाख तेईस हजार चार सौ ग्यारह मात्र) | 10-02-2026 | 13-05-2026 |
| श्री मुकेश सूर्यवंशी, श्रीमती भारती सूर्यवंशी जय श्री महाकाल पेंटिंग वर्क (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल11012896) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और भाग, प्लॉट संख्या 241, श्री स्वास्तिक कॉलोनी (श्री स्वास्तिक विहार), ग्राम सिंहसा, जिला इंदौर 452001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, विक्रय योग्य_क्षेत्रफल, संपत्ति का क्षेत्रफल: 600.00, 600.00 | रुपये 1759891/- (रु. सत्रह लाख उनसठ हजार आठ सौ इंक्यानवे मात्र) | 10-02-2026 | 13-05-2026 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 102/103, दर्शन मॉल, 15/2, रेस कोर्स रोड, इन्दौर-452001 मध्यप्रदेश/या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- इन्दौर, दिनांक- 16-5-2026 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड